तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज प्रेमाराम सुथार बनाम लो.सू.अ. (तहसीलदार बावड़ी) **सू.अ.अ. अपील संख्या 03 / 2020**	नं0 व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
27.01.20	पत्रावली पेश हुई। अपीलार्थी प्रेमाराम सुथार पता 121, मेन रोड़ आंगणवा, पोस्ट सुरपुरा, मण्डोर जिला जोधपुर ने सूचना का अधिकार के तहत प्रार्थना–पत्र दिनांक 14.11.2019 में उसके द्वारा (1) राजस्व गांव भवाद गंगा प्याउ वर्तमान में गांव का नाम विनायकपुरा है तहसील बावड़ी जिला जोधपुर के खसरा नम्बर 622 / 1 रकबा 17 बिगा 15 / 3 बिस्वा बी–।। जो लालूराम पत्र धुलाराम सुथार ने अध्यक्ष विश्वकर्मा समाज गंगा प्याउ भवाद के नाम नामान्तरकरण कम संख्या 442 दिनांक 16.12.1980 भरवाया गया की प्रति व अन्य बिन्दुओं, से संबंधित सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार बावड़ी) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील दर्ज रजिस्टर कर रेस्पो.पक्ष (तहसीलदार बावड़ी) से तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी गई। अपीलार्थीपक्ष अनुपस्थित। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। रेस्पो.(तहसीलदार बावड़ी) से आदिनांक तक रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई है अतः अपील स्वीकार की जाती है तथा लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार बावड़ी) को निर्देशित किया जाता है कि अपीलार्थी द्वारा चाही गई सूचना के बारे में प्रार्थी को 15 दिवस में उपलब्ध करावे, अन्यथा सूचना नहीं दिये जाने के कारणों से प्रार्थी को अवगत कराया जाय। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया।	